


Scanned by CamScanner



# आपको क्यों बनना चाहिए एलआईसी एजेंट जानें विस्तार से...

## एलआईसी एजेंट बनने के लिए क्या है जरूरी?

**वक्त** बदल चुका है. आजकल स्कूली पढ़ाई समाप्त होते ही नौजवान आत्मनिर्भर बनने की चाह रखते हैं. यह एक ऐसा समय होता है जब नौजवान अपने भविष्य को संवारने के लिए प्रयास कर रहे होते हैं. ऐसे में पढ़ाई और खर्चों में तालमेल बैठाने के लिए वे कुछ ऐसे काम की तलाश में होते हैं जिसमें उन्हें पैसा भी मिले और पढ़ाई करने के लिए समय भी. उनकी इस तलाश को पूरा करती हैं एलआईसी. जी हां, एलआईसी को अपने कैरियर की शुरुआत के लिए चुना जा सकता है. एलआईसी एजेंट बन कर आप अच्छा पैसा कमा सकते हैं. इसके लिए बस आपकी स्कूली शिक्षा का पूरा होना और 18 वर्ष की आयु का होना जरूरी है. दरअसल, एलआईसी में कैरियर की प्रगति अच्छी तरह परिभाषित होती है. साथ ही एलआईसी में अपने पेशवर जीवन की

Scanned by CamScanner

योजना को भी आप अच्छी तरह से बना सकते हैं.

हम आपको ऐसे 10 कारण बता सकते हैं कि आप को क्यों एलआईसी एजेंट बनना चाहिए? ये कारण आपके जीवन को बदल सकते हैं, इसलिए एक बार जरूर गौर करें:

1. **खुशी देने वाला व्यवसाय**: लोग कैरियर का चुनाव हमेशा अपनी या अपने परिवार की खुशी को ध्यान में रख कर करते हैं. खासतौर पर कैरियर के चुनाव में हर कोई अपना फायदा देखता है. और अधिकतर जॉब ऐसी ही होती हैं जिनमें सिर्फ नौकरी करने वाले को ही फायदा हो रहा होता है. लेकिन एक एलआईसी एजेंट अपने साथ एलआईसी पॉलिसी खरीदने वाले का भी फायदा कराता है. एलआईसी एजेंट ही वह व्यक्ति होता है जो लोगों को यह एहसास कराता है कि उन्हें अपने आर्थिक लक्ष्यों को पूरा करने और अपने सपनों को साकार करने के लिए अपने धन को कहां निवेश करना चाहिए. ऐसा करने में जब आपको सफलता मिलती है तो जो सकून मिलता है वह किसी और व्यवसाय में नहीं मिलता.

2. **एक सफल टीम का हिस्सा बनें**: एलआईसी से जुड़ने पर आपको एक सफल टीम का हिस्सा बनने का मौका मिलेगा. पिछले वर्ष एलआईसी ने मिलियन डॉलर राउंड टेबल में अपने 1317 सदस्यों की हिस्सेदारी दर्ज कराते हुए ग्लोबल फोरम में विश्व के चुनिंदा सफल बीमा एजेंट तैयार करने का खिताब हासिल किया था.

3. **आकर्षक पारिश्रमिक**: महंगाई के इस दौर में हर चीज की कीमत में बढ़ोत्तरी हो चुकी है. ऐसे में वेतन अच्छा होगा तभी एक अच्छी जीवनशैली का अनुसरण किया जा सकेगा. ऐसे में एलआईएसी एजेंट का कैरियर चुनना एकदम सही है क्योंकि यह सिर्फ आपका वर्तमान ही नहीं बल्कि भविष्य की कमाई को भी सुनिश्चित करता है. यह एक ऐसा व्यवसाय है जिसमें आप अपनी क्षमता के अनुसार अपने लक्ष्यों को तय कर सकते हैं और जिंदगी भर जितना चाहें उतना कमा सकते हैं.

4. **स्वतंत्रता**: एक एजेंट के रूप में आप एक अच्छे व्यवसायी बन सकते हैं. इस व्यवसाय में आप खुद के बॉस होते हैं, खुद के लिए काम करते हैं, इतना ही नहीं आप अपने क्लाइंट्स भी खुद चुन सकते हैं और जितने चाहें उतने पैसे बना सकते हैं. सबसे बड़ी बात तो यह है कि इस व्यवसाय को शुरू करने के लिए आपको किसी भी तरह से अपनी पूंजी लगाने की जरूरत भी नहीं पड़ेगी, जो कि अन्य व्यवसायों में संभव नहीं है.

5. **वर्ल्ड क्लास ट्रेनिंग**: एलआईसी अपने एजेंट्स को दुनिया का सबसे बेहतरीन प्रशिक्षण देता है. प्रशिक्षण की यह शैली आपको किसी दूसरी कंपनी में देखने को नहीं मिलेगी. कोई भी कंपनी अपने उत्पाद को बेचने के लिए अनुभवी व्यक्ति चाहती है लेकिन एलआईसी में आपको बिना किसी अनुभव के ही प्रवेश मिल सकता है क्योंकि एलआईसी में अनुभवी ट्रेनरों के द्वारा शामिल हुए सदस्यों को मल्टी डाइमेंशनल ट्रेनिंग दी जाती है जो उन्हें जीवन बीमा पॉलिसियों को बेचने में माहिर बना देती हैं.

6. **कैरियर एजेंसी प्रणाली के प्रति प्रतिबद्धता**: एलआईसी आपके द्वारा किए गए प्रयासों को केवल आज ही नहीं बल्कि जिंदगी के हर मोड़ पर सराहती है और आपको व्यवसाय में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करता है. इतना ही नहीं यदि आपकी परफॉर्मेंस अच्छी होती है तो एलआईसी आपको अपनी मैनेजमेंट टीम का हिस्सा बना कर आपके कैरियर को नए स्तर पर पहुंचाता है.

7. **बुनियादी सुविधाएं**: एलआईसी की सभी ब्रांचों में उसके सदस्यों और कर्मचारियों को बुनियादी सुविधाएं दी गई हैं, जिनके प्रयोग से उन्हें अपना व्यवसाय चलाने और उसे आगे बढ़ाने में सहायता मिलती है.

8. **उत्पाद और सेवाओं की फुल रेंज**: एलआईसी आपको अपने कस्टमर्स के लिए उत्पाद और सेवाओं की एक बड़ी रेंज उपलब्ध कराता है. आप अपने ग्राहकों की आर्थिक क्षमता को समझते हुए उनके लक्ष्यों को पूरा करने के लिए उन्हें एलआईसी के विशेष उत्पाद और विभिन्न राइडर्स सेवाएं लेने में उनकी मदद कर सकते हैं. एलआईसी हमेशा अपने कस्टमर्स के लिए उत्पादों की नई और अभिनव श्रृंखला लाती रहती है.

9. **बिक्री एवं विपणन समर्थन**: किसी भी व्यवसायी के लिए यह सबसे बड़ी सुविधा होती है कि वे अपने उत्पाद की बिक्री के लिए उसे ग्राहकों के मध्य विज्ञापनों के द्वारा पहुंचा सकें. लेकिन यह उतना आसान नहीं होता. मगर यदि आप एलआईसी एजेंट हैं तो यह आपके लिए बेहद आसान है, क्योंकि एलआईसी की अपनी सेल्स और मार्केटिंग टीम होती है, जो उत्पादों की बिक्री बढ़ाने के लिए समय समय पर उसके विज्ञापनों को प्रकाशित करवाती रहती है.

10. **वित्तीय शक्ति**: एलआईसी आपको और आपके ग्राहकों को बेजोड़ वित्तीय ताकत और दृढ़ता प्रदान करता है.

## क्यों बनें एलआईसी एजेंट

### आईआरडीए के दिशानिर्देशों के अनुसार प्रतिस्पर्धी और आकर्षक मुआवजा योजना

**एजेंट को फ्रिंज बेनीफिट्स (एजेंट को एडवांस पैसा देने की स्कीम) सदस्यता स्थिति पर निर्भरः**

**एजेंट को एलआईसी द्वारा घर, नई या पुरानी कार, नया दो पहिया वाहन, कार्यालय के लिए उपकरणों, माता पिता, बीवी, बच्चे और खुद पर आश्रित बहन के मेडिकल ट्रीटमेंट. किसी धार्मिक उत्सव के लिए एडवांस पैसे की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है.**

**ग्रैच्यूटी बेनिफिट्सः एलआईसी अपने सभी परमानेंट कर्मचारियों को ग्रैजुटी भी देता है. इसके लिए कुछ शर्तें इस प्रकार हैं.**

- यदि एजेंट ने 15 साल एलआईसी के लिए काम किया हो और उसकी उम्र 60 वर्ष हो चुकी हो तो ग्रैच्यूटी पाने के योग्य है.
- यदि एजेंट को निष्कासित किया जा रहा हो और एलआईसी के लिए उसने 15 वर्ष या उससे अधिक काम किया हो. इस स्थिति में भी एजेंट ग्रैच्यूटी का हकदार होगा.
- एजेंट की मृत्यु होने की दशा में भी उसके परिवार को ग्रैच्यूटी दी जाएगी.
- एजेंट को अधिकतम ग्रैजुटी 2 लाख रुपए देने का प्रावधान 1/04/2007 से किया गया है.
- बिजनैस नंबर सही होने पर12 एसए के आधार पर 1 लाख रुपए ग्रैच्यूटी देने का प्रावधान है.

Scanned by CamScanner



# परिनीता संजय धामापुरकर

18 बरस पहले परिनीता एक एक्सपोर्ट कंपनी में एकाउंटेंट का जॉब करती थीं. रोज घर से ऑफिस और ऑफिस से घर. यही उनका रुटीन था . मेहनत करने के बावजूद अपनी आर्थिक जरूरतों को पूरा करने में और एक सकून भरी जिंदगी जीने में उन्हें कठिनाईयां आ रही थी.

कंपनी के एक मसले को सुलझाने के लिए वो एक दिन एलआईसी के दफ्तर गईं. वह बताती हैं, कंपनी की एक पॉलिसी लैप्स हो रही थी मैं उसी की सर्विसिंग के लिए गई थी. वहीं एक सज्जन मिलें जिन्होंने मुझे एलआईसी के लिए यही काम करने के लिए कहा. उस वक्त मुझे समझ नहीं आया क्या करूं. फिर सोचा की कुछ नया करने में बुराई क्या है सो मैंने एलआईसी की सर्विसिंग का काम लेना शुरू किया.

शुरुआत में परिनीता जी को काम आसान नहीं लगा. वह कहती हैं, मुझे यह काम समझ में नहीं आ रहा था. लेकिन एक दिन एक महिला मेरे पास अपने स्वर्गवासी पति की पॉलिसी ले कर आई उसके दर्द को मैंने अंदर तक महसूस किया. मैंने उसकी पूरी मदद की पॉलिसी के पैसे दिलवाने में और मैं सफल भी रही. तभी मेरे अंदर इस काम को करने की समझ और आत्मविश्वास दोनों आ गया.

इतना ही नहीं परिनीता की माने तो एलआईसी का काम दिल और दिमाग से किया जाए तो सफलता मिलना निश्चित है. इस सफलता को हासिल करने के लिए परिनीता ने एलआईसी द्वारा अपने एजेंट्स को दी जाने वाली सभी ट्रेनिंग प्रोग्राम में हिस्सा लिया. वह कहती हैं, ट्रेनिंग लेने मेरी जैसी ही कई महिलाएं आती थी. उनके अनुभव को जान कर और भी हौसला मिलता था.


नॉर्मल एजेंट के रूप में मात्र 12 पॉलिसी की सर्विसिंग से हुई शुरुआत ने आज परिनीता को एक सफल प्रोफेशनल एजेंट बना दिया है. हाल ही में उन्हें अपनी सफलता के प्रमाण के रूप में एक वर्ष में लगभग 17000 पॉलिसी सर्विसिंग और 4000 के करीब पॉलिसी करवाने के लिए एलआईसी द्वारा ऑल ओवर इंडिया सैकंड रैंक दी गई है. इन सब के अतिरिक्त परिनीता अब एक कॉर्पोरेट क्लब एजेंट भी हैं साथ ही उन्हें टॉप ऑफ दी टेबल एजेंट होने का भी ख़िताब प्राप्त है. बीते वर्ष उन्हें कॉर्पोरेट क्लब द्वारा टोकियों में हुए एजेंट्स के सैमिनार का हिस्सा बनने के लिए भी भेजा गया था.

एक कामयाब प्रोफेशनल एलआईसी एजेंट बनने के बाद परिनीता का कहना है, एलआईसी एजेंट बनने से अच्छा काम और कुछ नहीं.

खासतौर पर महिलाओं के लिए क्योंकि एक महिला ही घरगृहस्थी की जरूरतों को समझ सकती है और उसके हिसाब से आर्थिक जरूरतों को पूरा करने के जरिए तलाश सकती है. युवा महिलाओं के लिए भी परिनीता का यही कहना है कि, एलआईसी एजेंट बन युवा महिलाएं आत्मनिर्भर बन सकती हैं और आत्मसम्मान का जीवन जी सकती हैं. •

Scanned by CamScanner

LIC



# मंजरी देवधर

एक विदेशी कंपनी में कॉस्ट एकाउंटेंट मंजरी देवधर को जब पता चला की उनकी कंपनी अब कहीं और शिफ्ट हो रही है और उनके घर से कंपनी तक पहुंचने में 2 घंटे से भी अधिक लगेगा तो जॉब छोड़ना ही उन्होंने उचित समझा. लेकिन घर पर खाली बैठना भी मुमकिन नहीं था. चार्टेड एकाउंटेंट पति ने अपनी ही फर्म में मैनेजमेंट का काम ऑफर किया तो मंजरी ने स्वीकार तो कर लिया लेकिन मंजरी को उस काम में मजा नहीं आया. वह बताती हैं, मुझे पति के फर्म में काम करने पर लग रहा था जैसे मेरे अपनी कोई पहचान नहीं है. मैं अपना काम करना चाहती थी. इसलिए मैं दूसरी जॉब की तलाश में थी.

तब ही एक दिन मंजरी के पति के एक दोस्त का घर आना हुआ. जो कि एलआईसी में एक ऊंचे ओहदे पर थे. उन्होंने मंजरी की समस्या समझते हुए एलआईसी एजेंट बनने की सलाह दी. मंजरी को भी एलआईसी एजेंट बनने से एतराज नहीं था. वह बताती हैं, यह काम मुझे इसलिए अच्छा लगा क्योंकि इसमें शुरुआत करने के लिए मुझे अपनी पूंजी लगाने की आवश्यकता नहीं थी और न ही ज्यादा घर से बाहर जाने की. मैं घर के काम के साथ ही यह काम भी कर सकती थी.

मंजरी ने इसके लिए सबसे पहले एलआईसी द्वारा एजेंट्स को दी जाने वाली ट्रेनिंग में हिस्सा लिया. वह कहती हैं, एलआईसी की ट्रेनिंग करने से मुझे यह काम और भी आसान लगने लगा.

5 बरस बीत चुके हैं मंजरी को एलआईसी एजेंट के रूप में काम करते करते. इन 5 सालों में मंजरी ने सफलता के कई पैमानों को पार किया. वह अपनी सफलता की कहानी खुद ही बताती हैं, मेरे साथ एक प्लस प्वाइंट था. क्योंकि मेरे पति चार्टेड एकाउंटेंट हैं इसलिए मुझे उनके द्वारा ही क्लांट्स मिल जाते थें. यदि मैं दिनभर में 5 लोगों से भी मिलती थी तो 1 बंदा तो पॉलिसी करवाने के लिए तैयार हो ही जाता था. ऐसा करते करते मेरा 4 महीने में ही मिलियन डॉलर राउंड टेबल में नाम आ गया.

इसके बाद तो मंजरी ने पीछे मुड़ कर ही नहीं देखा. एलआईसी में 2 वर्ष पूरे करने पर मंजरी ने अपना कार्पोरेट क्लब मैंबर बनने का टारगेट पूरा किया. मंजरी बताती हैं, एलआईसी में कार्पोरेट क्लब मैंबर बनना वहुत बड़ी बात है क्योंकि इस के कई लाभ हैं. मुझे भी यह लाभ मिले जैसे कार लोन, वो भी बिना किसी सिक्योरिटी के, साथ ही एक विदेश की ट्रिप भी दी गई.

इतना ही नहीं मंजरी एलआईसी की कॉन्फ्रेंस में हिस्सा लेने अब तक चाइना, साउथ अफ्रीका और जापान जैसे देश जा चुकी हैं. वह बताती हैं, एलआईसी की सारी कॉन्फ्रेंस बड़ी ही मोटीवेशनल होती हैं. हमें यहां बहुत कुछ नया सीखने को मिलता है.

वर्तमान में 500 क्लाइंट्स के साथ डील कर रहीं मंजरी युवाओं को भी एलआईसी को करिअर के रूप में चुनने की सलाह देती हैं. वह कहती हैं, युवाओं के लिए एलआईसी एक बेहतर भविष्य का विकल्प हो सकता है क्योंकि एलआईसी एजेंट का काम वो फुल टाइम और पार्ट टाइम दोनों ही तरह से कर सकते हैं. साथ ही इस कार्य में वो अपने खुद के बॉस होते हैं इसलिए उन्हें बहुत कुछ नया अनुभव करने और सीखने को मिल सकता है. आत्मनिर्भर बनाने के साथ ही एलआईसी एजेंट का काम आत्मसम्मान भी बढ़ाता है.

Scanned by CamScanner

# एलआईसी एजेंट बनने के चरणबद्ध निर्देश



### कौन आवेदन करने योग्य है?

एक एलआईसी एजेंट बनने के लिए शैक्षिक योग्यता 12वीं पास अनिवार्य है. उम्मीदवारों को प्रामाणित बोर्ड से जरूरी परीक्षा में उत्तीर्ण होना चाहिए. इस के अलावा उस की उम्र 18 वर्ष या अधिक होनी चाहिए.

### प्रक्रिया

- अपने निकटतम शाखा कार्यालय में संपर्क करें और वहां विकास अधिकारी से मिलें.
- शाखा प्रबंधक एक साक्षात्कार आयोजित करेंगे और यदि वे आप को ठीक समझते हैं तो आप को प्रशिक्षण के लिए विभाग/ एजेंसी प्रशिक्षण केंद्र भेजा जाएगा.
- प्रशिक्षण 50 घंटों का होता है और इस में जीवन बीमा व्यवसाय के सभी पक्ष सम्मिलित होते हैं.
- प्रशिक्षण के सफलतापूर्वक संपन्न होने के बाद आप को भारतीय बीमा नियामक एंव विकास प्राधिकरण के द्वारा आयोजित पूर्व भर्ती परीक्षा में बैठना होगा.
- परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न होने के बाद आप को शाखा कार्यालय द्वारा अभिकर्त्ता के रूप में नियुक्त किया जाएगा और आप अपने विकास अधिकारी के अधीन टीम का हिस्सा होंगे.

### क्या मैं एजेंट बन सकता हूं?

आप बन सकते हैं, अगर-

- आपको बाहर आनेजाने में और लोगों से मिलने में कोई परेशानी न हो .
- आपकी अपना व्यवसाय करने की ख्वाहिश हो.
- आप सिर्फ अपने क्लाइंट्स को अपना बॉस बनाना चाहते हों.
- अपने कार्य समय को आप खुद निर्धारित करना चाहते हों.
- अपनी क्षमता को आंकना चाहते हों.
- अपनी इच्छा के अनुसार कमाना चाहते हों.

### पुरस्कार और मान्यता

एजेंट्स संस्थान के लिए व्यवसाय करने का महत्वपूर्ण स्रोत होते हैं और लगातार क्लाइंट्स से जुड़े रहते हैं. इसलिए एलआईसी अपने एजेंट्स की भर्ती को बहुत ही सर्तकता से करती है, ताकि एक अच्छी सर्विस और बेचने के कार्य का उच्च स्तर कायम किया जा सके. ज्ञान उन्मुख लोगों की जरूरतों को पूरा करने के लिए, एलआईसी को युवाओं की तलाश रहती है, जो सेवा उन्मुख हों, अच्छे संचारक हों और नए लोगों के साथ उठने बैठने में आनंद लेते हों. और यदि उन्हें सेल्स का अनुभव हो तो इससे उन्हें अतिरिक्त लाभ मिलता है.

### पात्रता परीक्षा

एलआईसी एजेंट बनने के लिए उम्मीदवारों को एलआईसी एजेंट प्री रिक्रूटमेंट टैस्ट जो कि भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण के द्वारा आयोजित कराई जाती है, उसे पास करना होता है. इससे पहले उम्मीदवारों को एक प्रशिक्षण लेना होता है जिसके बाद ही वो परीक्षा दे सकता हैं. यह ट्रेनिंग विभागीय/एजेंसी प्रशिक्षण केंद्र द्वारा दी जाती है. यह प्रशिक्षण 50 घंटों का होता है और जिसमें जीवन बीमा व्यवसाय के सभी पक्ष सम्मिलित होते हैं.

### महत्वपूर्ण बिंदु

- प्रमाणित बोर्ड से शैक्षिक योग्यता 12वीं पास होना अनिवार्य है.
- एलआईसी द्वारा दी गई 50 घंटे की ट्रेनिंग लेना भी जरूरी है.
- आईआरडीएआई प्री रिक्रूटमेंट टैस्ट को पास करना भी आवश्यक है.

### आवश्यक योग्यता

- स्व प्रेरणा
- बातचीत करने में निपुण
- बाहर जाने को उत्सुक

एलआईसी एजेंट्स एलआईसी और एलआईसी क्लाइंट्स के बीच एक माध्यम होते हैं. एजेंट्स का काम क्लाइंट्स से मिलकर उन्हें एलआईसी की विभिन्न पॉलसियों को समझाना और उन्हें लेने के लिए क्लाइंट्स को प्रेरित करना होता है. ●

Scanned by CamScanner